डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 324 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 09 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## प्रदेश के उपस्वास्थ्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सेवाएं शुरू

### शहर में बैठे-बैठे विशेषज्ञ डॉक्टर्स करेंगे मरीजों का इलाज



**भोपाल, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के उपस्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले रोगियों को मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों की सेवाएं मिल सकेंगी। टेलीमेडिसिन के माध्यम से वह उप स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी (सीएचओ) से रोगी की जानकारी लेकर जांच, दवा और रेफरल के बारे में सुझाएंगे।

शुरुआत में उन मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी, जहां कॉलेज का खुद का अस्पताल नहीं है। अपना अस्पताल नहीं होने के कारण उनकी व्यस्तता अन्य कॉलेज के विशेषज्ञों (फैकल्टी) की तुलना में कम है।

### और डॉक्टरों को भी जोड़ा जाएगा...

अगले वर्ष से जो नए कॉलेज खुलने जा रहे हैं, वहां के लिए कुछ नान क्लीनिकल विषयों में डॉक्टरों की भर्ती की जा रही है। उनका उपयोग भी टेलीमेडिसिन सेवा के लिए किया जा सकेगा। अभी उप स्वास्थ्य केंद्रों को टेलीमेडिसिन सेवा के लिए जिले के बड़े अस्पताल के विशेषज्ञों से जोड़ा जाता है। मेडिकल कॉलेज सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल होते हैं। इनकी सलाह रोगियों के लिए अधिक लाभकारी हो सकती है।

### कई किमी दूर बैठकर इलाज/परामर्श...

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाद में इस सुविधा का विस्तार दूसरे मेडिकल कॉलेजों तक किया जाएगा। उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में होते हैं। यहां सीएचओ के तौर पर आयुर्वेदिक डॉक्टर या बीएससी नर्सिंग डिग्रीधारी स्टाफ नर्स को पदस्थ किया जाता है। यहां रैपिड किट से 11 तरह की जांचों की सुविधा भी है।

सभी सीएचओ को लैपटाप या डेस्कटाप दिए गए हैं। वह इनके माध्यम से मरीज की जांच रिपोर्ट और अन्य जानकारी मेडिकल कॉलेज डाक्टर को भेजेंगे, जिसके आधार पर वह उपचार की सलाह देंगे। सीएचओ उन्हीं रोगियों के लिए विशेषज्ञों की सलाह लेंगे, जिनके उपचार में वह सक्षम नहीं हैं।

# हर साल 60 मवेशी मार रही पॉलीथिन



## शहर में रोजाना ढाई टन तक निकल रहा प्लास्टिक

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पॉलीथिन की थैलियां बड़ा खतरा बन गई हैं, यह जमीन को बंजर कर रही है। बावजूद लोग धड़ल्ले से प्लास्टिक बैग का उपयोग कर रहे हैं। प्रतिबंध के बीच कार्रवाई की औपचारिकता नगरपालिका निभा रही है। लेकिन, स्थिति जस की तस है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिले में करीब 60 मवेशी हर साल प्लास्टिक की थैली के सेवन से मौत के मुंह में जा रहे हैं।

सरकार द्वारा भी दो साल पहले सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी सामग्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद भी बाजार में धड़ल्ले से प्लास्टिक सामग्री मिल रही है। जानकारों के अनुसार जमीन के अंदर पड़ा प्लास्टिक 100 साल तक विघटित नहीं होता और जस की तस हालत में पड़ा रहता है, इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में अब समय आ गया है कि लोग प्लास्टिक से होने वाले खतरों को समझें और कम से कम उपयोग करें। शहर सहित जिले भर में दुकानदारों के अनुसार प्रतिदिन पचास क्विंटल प्लास्टिक की बिक्री हो रही है। इसका दुष्परिणाम पशुओं पर भी देखने को मिल रहा है। जानकारों के अनुसार जिले में एक साल में करीब 60 पशुओं कीप्लास्टिक थैली के सेवन से मृत्यु हो रही है।

### मानव, पशु और प्रकृति सबको खतरा...

पशु चिकित्सकों के अनुसार कूड़े के ढेर में खाद्य पदार्थ खोजते हुए मवेशी इसे निगल जाते हैं, इससे आंतों में फंसने के कारण कुछ दिनों बाद उनकी मौत हो जाती है। इससे हर साल करीब 60 मवेशियों की मौत हो रही है। पशुओं के इलाज और ऑपरेशन के दौरान प्लास्टिक निकालने में करीब 2 घंटे का समय लगता है, जबकि सामान्य उपचार और ऑपरेशन आधे घंटे में हो जाता है। मवेशी के प्लास्टिक सेवन से ऑपरेशन के दौरान पशु के पेट के कई जगहों पर ऑपरेशन लगाकर प्लास्टिक टुकड़े-टुकड़े में पशु के पेट से बाहर निकाला जाता है। पेट के अंदर जाकर गोलाई के रूप में रिंग बन जाती है, इससे पशु धीरे-धीरे खाना छोड़कर गोबर करना बंद कर देता है और इलाज में देरी होने पर पशु की मौत हो जाती है। डॉक्टरों के अनुसार पॉलीथिन और प्लास्टिक सेहत बिगाड़ रहे हैं। प्लास्टिक के ग्लास में चाय या दूध पीने से पेट में कैमिकल जाता है। इससे कई बीमारियां हो सकती हैं। कृषि वैज्ञानिको के मुताबिक पॉलीथिन जमीन का जल सोखने की क्षमता खत्म कर रही है, इससे भूजल स्तर गिर रहा है। साथ ही यह 100 साल तक नष्ट नहीं होती, इससे जमीन बंजर होती है।

### प्रतिबंधित पालीथिन पर भी कार्रवाई नहीं...

इस साल स्वच्छता सर्वे में प्रतिबंधित पालीथिन के विक्रय और उपयोग को पूरी तरह से रोका जाना है। लेकिन, अब तक नपा रोकथाम नहीं कर पाई है। प्रतिबंधित पालीथिन के विक्रय और उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए नपा के पास कोई प्लानिंग ही नहीं है। अब तक प्रशासन और नगर पालिका ने प्रतिबंध का पालन करवाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किये है। कभी-कभी नगरपालिका का स्वास्थ्य अमला प्रतिबंधित पालीथिन पर कार्रवाई लिए निकलता भी है तो सब्जी, फूल, फल विक्रेताओं से पालीथिन जब्त करने के अलावा कुछ नहीं करता। जबकि, शहर में 10 से अधिक व्यापारी प्रतिबंधित पालीथिन धड़ल्ले से बेच रहे है। व्यापारियों से यहां से आसानी से मिलने के कारण ही छोटे दुकानदारों तक पहुंचती है। लेकिन नपा ने कभी भी व्यापारियों की दुकानों पर कार्रवाई नहीं की है।

## यह कैसा प्रतिबंध...

# गांधी चौराहा पर अभी भी हो रहे धरना-प्रदर्शन

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के महाराणा प्रताप चौराहा पर करीब दो साल पहले अभिव्यक्ति स्थल तैयार किया गया था। इसके बाद गांधी चौराहा पर धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाकर बोर्ड भी लगा दिया गया। लेकिन, अभी भी राजनीतिक दल हो या सामाजिक संस्था या कोई अन्य धरना-प्रदर्शन गांधी चौराहा पर ही हो रहे हैं। इसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब गांधी चौराहा पर प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाकर कार्रवाई के आदेश प्रशासन जारी कर चुका है। इसके बाद भी प्रदर्शन या सभा को अनुमति मिलना समझ से परे हैं। अब आमजन यह कह रहे है कि यह कैसा प्रतिबंध...!

### कलेक्टर गौतमसिंह ने जारी किए थे आदेश...

राजनीतिक, सामाजिक एवं शासकीय कर्मियों द्वारा समय-समय पर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन, पुतला दहन आदि तरह से विरोध प्रदर्शन अब तक गांधी चौराहा पर किये जा रहे है। दो साल पहले गांधी चौराहा व आसपास धरना प्रदर्शन नहीं करने के आदेश प्रशासन ने जारी किए थे। तत्कालीन कलेक्टर गौतमसिंह ने आदेश जारी किये थे कि गांधी चौराहा व आसपास धरना प्रदर्शन आदि प्रतिबंधित किया गया है। धरना, प्रदर्शन के लिये अब मंदसौर में महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड के समीप की भूमि को अधिसूचित किया गया है। यहां पर बनाये गये अभिव्यक्ति स्थल पर ही धरना प्रदर्शन होंगे, यह आदेशित किया गया था।

### यातायात होता है प्रभावित...

प्रशासन इस बात को खुद मानता है कि गांधी चौराहा जैसे व्यस्ततम मार्ग पर धरना प्रदर्शन आदि से यातायात प्रभावित होता है। आदेश में इसका उल्लेख भी किया गया था। आदेश में कहा गया है कि गांधी चौराहा के आसपास धरना प्रदर्शन आदि करना प्रतिबंधित रहेगा। धरना प्रदर्शन आदि के लिए महाराणा प्रताप चौराहा स्थित भूमि को अधिसूचित किया गया है। विभिन्न व्यक्तियों, संगठनों, राजनीतिक दलों आदि के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में वर्तमान में नगर के गांधी चौराहा के पास मुख्य सड़क पर धरना, प्रदर्शन, सभाएं आदि किए जाते रहे हैं। इसके कारण यातायात भी प्रभावित होता है। इसके बाद भी गांधी चौराहा क्षेत्र में प्रदर्शन की अनुमति जवाबदार दे रहे हैं।

## प्रमुख त्यौहारों पर फिर भट्टियों ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था...

# दिनभर लग रहा प्रमुख सड़कों पर जाम

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सड़क सुरक्षा सप्ताह में दिखावे के लिए जमकर कार्रवाई की गई। इससे ऑटो चालकों में आक्रोश भी देखा गया। कार्रवाई यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए की गई। जिसमें अस्थायी अतिक्रमण भी हटाया गया। लोगों के सामान भी जब्त किए गए। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि शहर में बड़े रसूखदारों की आग उगलती भट्टियां प्रशासनिक अधिकारियों को नजर क्यों नहीं आ रही। दुकानों के बाहर भट्टिया लगाकर नमकीन और समोसे-कचोरी कई जगहों पर बेचे जा रहे हैं। कुछ समय पहले तत्कालीन पुलिस कप्तान और कलेक्टर ने खुद प्रशासनिक अमले के साथ सड़क पर उतरकर कार्रवाई की थी। अधिकारियों के बदलते ही स्थिति जस की तस हो गई।

### दस-दस मिनट में लग रहा जाम...

अभी तक दुकानदारों ने दुकान के बाहर स्थायी भट्टियां तैयार की थी। लेकिन, दीपावली सहित अन्य त्योहारों को देखते हुए काउंटर सहित टेंट भी लग जाते हैं। कालाखेत, नई आबादी, महू नीमच राजमार्ग, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड़ जैसे व्यस्ततम इलाकों में दुकान के बाहर स्थायी अतिक्रमण देखा जासकता है। बता दे कि जहां भट्टियां या अन्य अतिक्रमण व्यापारियों का है। केवल वहीं जाम की स्थिति नहीं बन रही। बल्कि इससे लंबी दूरी तक यातायात प्रभावित हो रहा है। शुक्ला चौक पर अतिक्रमण का असर एक और लक्कड़ पीठा ब्रिज तक हो रहा है तो दूसरी तरफ इसका असर महाराणा प्रताप बस स्टैंड तक पहुंच रहा है। इधर कालाखेत से बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर हो रहा अतिक्रमण कालाखेत से बस स्टैंड तक यातायात प्रभावित कर रहा है। बालागंज में नमकीन व्यवसायी की भट्टी और अतिक्रमण बालागंज से गांधी चौराहा तक जाम लगा रही है। इसी तरह से कई मुख्य मार्गो पर यहीं स्थिति बन रही है।

बताया जा रहा है कि रुपयों के रसूख के चलते प्रशासन पर नमकीन और रेस्टोरेंट संचालक बड़े व्यापारी हावी हो रहे हैं। कार्रवाई की हिम्मत प्रशासन नहीं जुटा पा रहा है। कार्रवाई के नाम पर छोटे मोटे व्यापारियों के ठेले और सामान जब्त करने को अतिक्रमण हटाने की परिभाषा करार कर दिया गया है। प्रशासन की जेसीबी या ट्रैक्टर कभी भी नमकीन और रेस्टोरेंट के बाहर भभकने वाली भट्टियों तक नहीं पहुंच पाई है।

### पर्वो-त्योहारों के समय ज्यादा दिक्कत...

पर्वो और त्योहारों पर स्थिति ज्यादा बिगड़ती है। लोग खरीददारी के लिए बाजार में निकलते है। एक तो चार पहिया और दुपहिया वाहन मुख्य बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। क्योंकि, पार्किंग कहीं भी मौजूद नहीं है। इधर व्यापारियों की भट्टियां और अतिक्रमण यातायात को पूरी तरह से बिगाड़ रहा है।

### अधिकारियो को भी नहीं दिखाई देता...

नगरपालिका हो या यातायात पुलिस या प्रशासन का कोई अन्य विभाग का अधिकारी, इन दुकानों के सामने से होकर गुजरता है। सरकारी वाहनों में बैठे अधिकारी कई बार जाम की स्थिति का सामना इन भट्टियों के कारण करते हैं। लेकिन, कभी इस और ध्यान नहीं दिया गया। एक बड़ा अतिक्रमण इन भट्टियों को लगाकर कर दिया गया है। इसके बाद भी बात यहीं खत्म नहीं होती। दुकान पर आने वाला ग्राहक भट्टियों के आगे अपने वाहन लगाता है। दुकान में सामान लेने के लिए पहुंचता है। अब भट्टियों और वाहन के कारण सड़क छोटी हो जाती है। चार पहिया वाहनो को यहां से निकलने में खासी मशक्कत करना पड़ती है। ऐसे में बार-बार जाम लगता है।

## गिलोल के पत्थर से फोड़ा महिला का सिर, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** छेड़छाड का आरोप लगाकर महिला के साथ मारपीट की व गिलोल में पत्थर से वार कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने दो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। कचनारा निवासी भग्गूबाई पति रायसिंह बागारी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कंवरलाल बागरी ने मुझसे कहा कि तेरे लडके ने मेरी लड़की से छेडछाड़ की, उसे बुला। इसके बाद कंवरलाल का भतीजा अंतरसिंह भी आ गया। दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। कंवरलाल ने गिलोल से पत्थर की सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## ऋषि पंचमी पर मोरधन खाने से कई महिलाए बीमार

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** ऋषि पंचमी के अवसर पर रविवार को मोरधन अर्थात हामा का फलाहार खाने से कई महिलाए बीमार हो गई। जिला मुख्यालय से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम हतुनिया, भालोट और पिपलियामंडी में कई महिलाएं इसकी चपेट में आ गई। सभी मरीजो का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धुंधड़का, अमलावद और पिपलियामंडी अस्पताल में किया गया। डॉक्टरों की टीम तीनों स्थानों पर मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार तीनों स्थानों पर 50 से ज्यादा महिलाओं को उल्टी दस्त की शिकायत हुई थी। सभी मरीजों का उपचार किया गया। खबर लिखें जाने तक सभी मरीज सकुशल थे। जानकारों के अनुसार ऋषि पंचमी के व्रत में मोरधन का फलाहार खाने का विधान बताया गया हैं। इसलिए महिलाए इसी फलाहार का सेवन करती हैं। अनेक कंपनीयों के पैकिंग में मोरधन शहर सहित अंचल में उपलब्ध हैं। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्रो में कई महिलाए मोरधन को सही तरीके से धोकर उपयोग नहीं कर पाती हैं। जिससे इस तरह की स्थिति बनती हैं। मामले में पुलिस और प्रशासन जांच कर रहा हैं।

# वध के लिए ले जा रहे 10 गौवंश मुक्त कराए, 6 आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ 2 पिकअप में 10 गौवंश को भरकर ले जाते हुए पुलिस ने महाराष्ट्र के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपीगण गौवंश वध के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे। आरोपियों ने गले में केसरिया गमछे डाल रखे थे, ताकि किसी को उनके पशु तस्कर होने की शंका न हो।**

जानकारी के अनुसार रविवार को गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह राठौर, हर्षराजसिंह, सचिन नागदा, अंकित जोशी, कृष्णपालसिंह, विक्रमसिंह, बलवीरसिंह,, शुभम बैरागी, राजू पाटीदार, मोनू पाटीदार, रेवंतीलाल पाटीदार आदि ने फोरलेन पर नीमच की ओर से आ रही पिकअप (एमएच 28 बीबी 3407) को मल्हारगढ़ के निकट रोका, इसमें 6 गौवंश कूररतापूर्वक भरे थे, इस मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के बुलधाना जिले के नगराकरोली, मलकापुर निवासी विशाल पिता सुखदेव वानखेडे, किनोला चिखली निवासी राजेन्द्र पिता पाटील बुआ, नादरा कोली खमगांव निवासी बाबूराव पिता मोहन शिन्दे व शरीफ पिता मनवर शाह को पकड़ा। इसी तरह एक अन्य पिकअप (एमएच 15 एचएच 3885) को रोका, इसमें भी 4 गौवंश कूररतापूर्वक भरे थे। इसमें सवार अडगांव भौवे भोकरदन पारध, जलना निवासी ज्ञानेश्वर पिता खंडु रिसवाल मोची व डावरगांव देवी, जाफरराबाद तेम्बुरनी, जलना निवासी करण पिता अंकुश चोहान को पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ पशुकूररता अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर मल्हारगढ़ पुलि ने पिकअप जब्ती में लिए व गौवंश को गौशाला में भिजवाया।

# स्क्रब टाइफस का नया बवाल

## पैर पसारने लगी जानलेवा बीमारी

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मौसमी बीमारी से पद्रह दिनों तक आम आदमी उभर नहीं पा रहा। इधर स्क्रब टाइफस नामक जानलेवा बीमारी ने इंट्री कर ली। अभी तक छह पॉजिटीव मरीज जिले में मिले हैं। यह सरकारी आंकड़ा है। जो मरीज सरकारी अस्पताल पहुंचे है। यह सिर्फ उन्हीं की संख्या है।

मंदसौर जिले की तो जिले में जानलेवा स्क्रब टाइफस बीमारी लगातार पैर पसार रही है। सरकारी आंकड़ों में ही मरीजों की संख्या छह तक पहुंच गई है। निजी अस्पतालों में भी बीमारी के लक्षण से ग्रसित मरीज पहुंच रहे हैं। 2017 के बाद से जिले में औसतन हर साल स्क्रब टाइफस के मरीज सामने आने लगे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि स्क्रब टाइफस पिस्सुओं के काटने से होता है। पिस्सू चूहे पर चिपककर घरों में पहुंचते हैं। पिस्सुओं के इंसानों के काटते ही उसके लार में मौजूद जीवाणु रक्त में फैल जाता है। इसकी वजह से लीवर, दिमाग और फेफड़ों में कई तरह के संक्रमण होने लगते हैं। इसकी पहचान काटने का निशान देखकर की जाती है। ब्लड टेस्ट के जरिए सीबीटी काउंट व फंक्शनिंग टेस्ट करते हैं।

### इसलिए खतरा अधिक...

जिले में किसानों को इस बीमारी से अधिक खतरा है। क्योंकि खेतों व अंचल क्षेत्रों के घरों में चूहों की अधिकता रहती है। डॉक्टरों का कहना है कि बारिश के मौसम में खुले मैदानों या खेतों से चूहे आसपास के घरों में प्रवेश कर जाते हैं। इधर शहर में भी पॉजीटिव मरीज सामने आए है। मानसून की गतिविधियों को देखते हुए आशंका... शेष पेज 4 पर




**यह कैसा जुगाड़–** बारिश के दिनों में दशरथ नगर की तरफ के नालों से आने वाला पानी ओवरफ्लो होकर मिड इंडिया ओवर ब्रिज में ना जाए इसके लिए नपा ने ओवर ब्रिज की दिवार से लगाकर एक छोटी दिवार बना दी, जिससे कि पानी अंडर ब्रिज में ना जाए। लेकिन, नपा इंजीनियरो का यह जुगाड़ तेज बारिश में काम आएगा, इसमें संशय ही है।

# खेतो में सोयाबीन: लागत और मुनाफे के बीच है काफी अंतर

## इस बार अच्छा उत्पादन होने की संभावना, कीमत को लेकर किसानों को चिंता

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोयाबीन के दाम कम मिलने से अंचल के किसानो को चिंता हो रही है। कम दाम को लेकर किसान संघ और कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रहे है। जबकि, सोयाबीन उत्पादन की लागत और मंडी में मिल रहे दाम के अंतर को देखा जाए तो यह काफी कम है। कई किसानों की तो लागत तक नहीं निकल पा रही है। जिसके कारण कुछ किसानो ने खेत पर ही सोयाबीन नष्टकर दी।

दरअसल, सोयाबीन की फसल अगले महीने बाजार में आएगी। अभी मंडी में सोयाबीन 3800 से 4200 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी जा रही है। जबकि, सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4892 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। यानी एमएसपी से भी कम दाम पर मंडी में सोयाबीन खरीदी जा रही है। इस बार सोयाबीन का बंपर उत्पादन हुआ है। ऐसे में किसानों की चिंता इस बात की है कि जब बाजार में फसल बिकने के लिए आएगी तो ये दाम और कम होंगे। मंडी में अभी सोयाबीन जिस रेट पर खरीदी जा रही है यदि यही रेट रहा तो किसानों की लागत और मुनाफे में बेहद मामूली अंतर ही रहेगा। कुछ किसानों को तो लागत का पैसा भी नहीं मिल पाएगा। इसे लेकर किसानों से बात की तो उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में कीटनाशक और बीज से लेकर हर वस्तु के दाम बढ़ चुके हैं। फसल की लागत हर साल बढ़ती जा रही है, लेकिन उतने दाम नहीं मिलते।



किसान फूलचंद कुमावत ने बताया कि इस बार कुल 20 एकड़ में सोयाबीन की फसल लगाई है। एक एकड़ में 4 से 5 क्विंटल पैदावार की उम्मीद है। मगर इस बार मौसम की वजह से सोयाबीन पीली पड़ रही है। ऐसे में कीटनाशकों का छिड़काव ज्यादा करना पड़ा। किसानों के अनुसार एक एकड में कीटनाशक पर ही करीब 6 से 7 हजार रुपए खर्च होता है। बीस एकड़ के हिसाब से अब तक मैं केवल कीटनाशक पर करीब सवा लाख रूपए से ज्यादा खर्च कर चुका हूं। साथ ही फसल बोने से लेकर कटाई तक का खर्च देखे तो एक एकड़ में करीब 18-19 हजार रुपए खर्च आता है।

### मंडी में फसल बेचना किसानों की मजबूरी...

किसानों के अनुसार किसान को मंडी में फसल बेचना मजबूरी है। क्योंकि सरकार सोयाबीन को समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदती। जो बड़े किसान हैं वो फसल का स्टॉक करते हैं, लेकिन छोटे किसानों के लिए ये संभव नहीं है। इस बार तो किसान चाह कर भी फसल का स्टॉक नहीं कर पाएगा। क्योंकि, मौसम की वजह से फसल पीली पड़ रही है। किसान चाहेगा कि उसकी फसल बिक जाए। क्योंकि, उसे कई लोगों को रूपयो का भुगतान करना पड़ता है। भले ही फसल 2000 के हिसाब से ही बिके। लेकिन, उसे बेचना पड़ेगी। किसानों ने बताया कि हम मंडी में एक ही खेत में पैदा हुई फसल को दो अलग-अलग ट्रैक्टर से ले जाते हैं तो व्यापारी दोनों की अलग-अलग कीमत लगाता है।

### पाम ऑयल पर इम्पोर्ट ड्यूटी से कम हुए सोयाबीन के दाम...

जानकारों के अनुसार देश में सोयाबीन ऑयल का प्रोडक्शन 17-18 पर्सेंटहै। अब सोयाबीन ऑयल की बजाय पाम ऑयल का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। पहले पाम ऑयल पर इम्पोर्ट ड्यूटी 35 फीसदी थी जो अब 5 फीसदी है। सरकार को पाम ऑयल पर लगने वाली इम्पोर्ट ड्यूटी को बढ़ाना चाहिए। सरकार जिस तरह से इम्पोर्ट ड्यूटी घटा रही है। उससे ऐसा लगता है कि वह अमेरिका, अर्जेंटीना, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्राजील के किसानों को प्रमोट कर रही है और देश के किसान को नजर अंदाज कर रही है। किसानों को सोयाबीन के सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं, इसके पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।






# खेलों में अनुशासन से सफलता मिलती है-सांसद

## सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चेम्पियनशिप का शुभारंभ

**नीमच, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन और जिला फुटबाल संघ के संयुक्त तत्वाधान में 8 से 17 सितंबर तक आयोजित सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चेम्पियनशिप का शुभारंभ रविवार को हुआ। राष्ट्रीय फुटबाल स्पर्धा का शुभारंभ मैच पुडुचेरी और अंडमान निकोबार के बीच सुबह 10:00 बजे सीआरपीएफ स्थित मेहता स्टेडियम तथा राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम पर दो मैचों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि फुटबॉल के खेल में टीम को नई-नई तकनीक सीखने व अनुशासन से टीम को सफलता मिलती है। विवेकानंद जी फुटबॉल के खेल को पसंद करते थे। नीमच की जनता का फुटबॉल प्रेम पूरे देश में लोकप्रिय है। यही बेटियां आगे जाकर राष्ट्र का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेगी।

वहीं इस अवसर पर विद्यायल दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि फुटबॉल मैच में जो टीम अधिक परिश्रम करती है। वहीं सफलता प्राप्त करती है। खेल में कोई जाति व छोटा या बड़ा नहीं होता है, सभी टीम भावना से खेलते हैं और खेलों के माध्यम से अपने जीवन का विकास करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष स्वामी गौरव चोपड़ा ने कहा कि फुटबॉल खेल में बालिका प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश को अवसर मिला है। यह गौरव का विषय है। खेलो इंड्यिा के कारण कई खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़े हैं। खिलाड़ी जीवन जीने की कला सिखाते हैं, जीवन की समस्या के संघर्ष का सामना करना भी खेल सिखाता है। बेटियां राष्ट्र का गौरव है, जो हर क्षेत्र में प्रतिभा दिखा रही है। यही बेटियां देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेगी। पेरिस ओलंपिक में भी बेटियों ने पदक में देश का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अमित रंजन देव, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी विकास शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सेठी, भाजपा नेता हेमंत हरित, महेंद्र भटनागर, आदित्य मालू, गौरव तिवारी, गौरव शर्मा, अनिल गोयल, गौरव चोपड़ा आदि मंचासीन थे। जिन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पार्षद रामचंद्र धनगर, शंकर कप्तान, राजेंद्र नामदेव, मोहम्मद रफीक, कमल रूपाली, अब्दुल हमीद, सचिव प्रमोद शर्मा, रमेश थापा, दीपक थापा, मुकेश चोपड़ा, संजय पंवार, भागीरथ अहीर, पवन गोविंदम आदि ने किया।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सुनील पटेल जैन ने किया तथा आभार भाजपा नेता एवं भाजपा नेता समाजसेवी संतोष चोपड़ा ने व्यक्त किया।

सीआरपीएफ मेहता स्टेडियम के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीटीसी सीआरपीएफ के कमांडेंट वेद प्रकाश, जीसी सीआरपीएफ के कमांडेंट आरके सिंह, व डिप्टी कमांडेंट श्री नेगी अतिथि के रूप में उपस्थित थे।प्रथम मैच में पांडिचेरी ने पांच गोल तथा अंडमान निकोबार टीम ने दो गोल किए। पांडिचेरी की टीम दो गोल से विजेता रही। दूसरे मैच में त्रिपुरा की टीम ने एक गोल तथा विपक्षी टीम आन्ध्र प्रदेश ने 7 गोल किये और मैच 7-1 से विजय श्री प्राप्त की। इसी प्रकार राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में दो मैच खेले गए जिसमें प्रथम मैच उत्तर प्रदेश और सिक्किम के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीम ने एक-एक गोल किया ओर मैच ड्रा रहा। यूपी की टीम के खिलाडी नंबर 38 श्रद्धा ने एक गोल किया तथा सिक्किम के 40 नंबर खिलाड़ी पीमा तमांग ने भी एक गोल किया। दूसरा मैच उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें मध्य प्रदेश ने 6 गोल किए और 6-0 से विजय श्री प्राप्त की। उत्तराखंड की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी और जीरो पर ही संतोष करना पड़ा। सीआरपीएफ के मेहता स्टेडियम में सुबह 10 बजे केरल और जम्मू कश्मीर के बीच पहला मैच तथा दूसरा मैच दोपहर 3 बजे चंडीगढ़ और गोवा के बीच खेला जाएगा। राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में दोपहर 3. बजे उड़ीसा और तेलंगाना के बीच एक मैच आयोजित किया जाएगा।

# जिला जैल में सामाजिक संस्थाओं ने पौधारोपण किया

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार एवं वर्क सामाजिक संस्था द्वारा जिला जेल परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई कर जेल परिसर प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

उस दौरान जिला जेल मंदसौर के जेलर प्रेम सिंह एवं नायब जेलर आर,के, विश्वकर्मा, जिला अभिभाषक मंदसौर के पूर्व उपाध्यक्ष सैलानी अब्दुल कादर मंसूरी एडवोकेट, डॉ. योगेश सिंह, जफर मंसूरी, फिरोज हुसैन चनेवाले, हरीश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, रमेश वैभव सोनी व जेल के स्टाफ आदि उपस्थित रहे। अतिरिक्त जिला जेलर श्री आरके विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक संस्था के द्वारा जो समाज सेवा की जा रही है यह एक सराहनीय कार्य है इनके द्वारा सफाई अभियान व पौधारोपण किया गया है। पौधारोपण से शुद्ध हवाएं मिलती है और साफ सफाई करने से आसपास की गंदगी दूर होती है। सैलानी अब्दुल कादिर मंसूरी ने अपने उद्बोधन में कहा की सामाजिक संस्था द्वारा जो साफ-सफाई, श्रमदान व पौधारोपण कर बहुत ही प्रेरक कार्य किया है क्योंकि इंसान के स्वास्थ्य के लिए दोनों ही बहुत आवश्यक हैं।



# नपा अध्यक्ष ने अनुकंपा नियुक्ति का पत्र सौंपा



**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा के कर्मचारी रहे स्व. श्री योगेंद्र परिहार के पुत्र जयंत परिहार को अनुकंपा नियुक्ति का पत्र सोपा। इस अवसर पर नपा सभापति दीपमाला मकवाना पार्षद ईश्वर सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र बंधवार, नंदलाल गुजरिया, नपा के आशीष बोथरा, विनोद गुर्जर भी उपस्थित थे। यह उल्लेखनीय की पंप अटेंडर के पद पर नियुक्त नपा कर्मचारी योगेंद्र परिहार की अस्वस्थता के कारण उनका स्वर्गवास हो गया था। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने उनके अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण को तत्परता से निपटाते हुए उनके पुत्र को नपा में नियुक्ति प्रदान की।

# जनसमस्याओं के निराकरण के लिए उपखंड एवं तहसील स्तर पर भी जनसुनवाई

**नीमच, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को की जाने वाली जनसुनवाई की व्यवस्था में बदलाव करते हुए उपखंड एवं तहसील मुख्यालय पर भी जनसुनवाई करने की व्यवस्था की है। उपखंड मनासा एवं उपखंड कार्यालय जावद में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं न.पा. के सीएमओ तथा विकासखंड स्तर पर संचालित सभी कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का निराकरण करेंगे।

तहसील कार्यालय रामपुरा, टप्पा कार्यालय कुकड़ेश्वर, एवं तहसील कार्यालय सिंगोली में भी संबंधित तहसीलदार, नगर पंचायत सीएमओ एवं संबंधित टप्पा एवं तहसील स्तर पर संचालित सभी विभागों के अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित होकर, जनसुनवाई करेंगे। जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट नीमच में जिला स्तरीय जनसुनवाई यथावत रहेगी ।जिसमें जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित होकर जन समस्याओं का समाधान करेंगे। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के दूरस्थ स्थलों के आवेदकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय पर नहीं आना पडे और स्थानीय स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान हो इसके लिए यह उपखंड स्तरीय एवं तहसील स्तरीय जनसुनवाई की नवीन व्यवस्था से प्रारंभ है।

# दशपुर विद्यालय में गणेश चतुर्थी पर्व मनाया



**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय में आज बुद्धि और समृद्धि के दाता, माता पार्वती और भगवान शिव के पुत्र भगवान गणेश का जन्मदिन गणपति-महोत्सव के रूप में धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए,जिनमे गीत,कविता,नृत्य आदि शामिल थे। कक्षा आठवीं की छात्रा राधिका पाटीदार ने बताया कि गणेश जी की आराधना करने से बुद्धि, समृद्धि एवम् असीम आनन्द की प्राप्ति होती है। बुद्धि एवम् ज्ञान के अक्षय भण्डार श्री गणेश ने संसार की परिक्रमा लगाए जाने के स्थान पर अपने माता-पिता भगवान शंकर एवम् पार्वती की परिक्रमा लगाकर एक प्रतियोगिता में अपने भाई कार्तिकेय को बहुत पीछे छोड़ दिया था। यही कारण है कि किसी भी कार्य को प्रारम्भ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा एवम् आराधना की जाती है, जिससे कार्य निर्विध्न पूर्ण होता है। कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं से आठवीं के एक समुह के भक्ति-संगीत ने कार्यक्रम को गणपतिमय कर दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए इको फ्रेंडली मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें चारों हाउस के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक एवं आकर्षक प्रतिमाएं बनाई।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी को गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएं दीं गई। इस अवसर पर विद्यालय में भगवान गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकीमप्रसाद शर्मा एवं शिक्षिका श्रीमती पदमा मारू द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण तथा दीप प्रचलित कर आरती की गई। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।



# सविम केशव नगर मंदसौर में विराजित हुए विघ्नहर्ता श्री गणेशजी

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि केशव नगर मंदसौर मे प्रथम पुज्य श्री गणेशजी की आराधना का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष्य पर आज विद्यालय परिसर गणेश जी की स्थापना की गई।

विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष जी यादव ने बताया कि आचार्य परिवार द्वारा मिट्टी के गणेशजी का निर्माण विद्यालय परिसर मे हि किया गया। इस प्रतिमा की आज 10 दिवसीय स्थापना कर भैया बहिन व आचार्य परिवार द्वारा पूजन अर्चन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के सहसचिव श्री चंद्रशेखर जी हलकारा, कोषाध्यक्ष श्री नितेश जी भदादा एवं आचार्य परिवार व सेवक परिवार उपस्थित रहे, साथ हि शिशु वाटिका के नन्हें भैया बहिनों की शिव परिवार की झाँकि सजाई व नृत्य द्वारा गणेश जी का स्वागत किया गया।

## छात्रवृति योजना अंतर्गत 20 तक करें आवेदन

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अधीक्षक डाकघर मंदसौर द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग फिलैटली छात्रवृति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कक्षा 06 से 09 तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए है। कक्षा 6 से कक्षा 9 तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की जाएगी । छात्रवृति की राशि रुपए 6 हजार रूपये एक वर्ष के लिए होगी । छात्रवृत्ति योजना में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नजदीकी डाकघर या अधीक्षक डाकघर मंदसौर के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र 20 सितंबर 2024 तक कर सकते है।

# भाजपा के मोहन राज में आम जन नही है सुरक्षित-जैन



**मंदसौर, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** लाडली बहना और झूठे हिंदुत्व के दिखावे पर भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश में पांचवी बार सत्ता में जरूर आई लेकिन आज प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बहुत ही दहनीय हो चुकी है। खास कर महिला अपराध में मध्यप्रदेश नंबर वन पर पहुंच गया है। उक्त आरोप लगाते हुए विधायक प्रतिनिधि ( जिला जैल) एवं जिला कांग्रेस के महामंत्री कमलेश जैन ने बताया की मध्यप्रदेश में अब महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन में एक कचरा बिनने वाली महिला के साथ सरे बाजार दुष्कर्म होना और उसका अश्लील वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करना बहुत ही शर्मनाक घटना है साथ ही अपराधियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जिनके पास गृह विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार है। पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है ऐसी ही एक घटना रतलाम में गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री गणेश जी की प्रतिमा और जुलूस पर पथराव हुआ है जिससे प्रदेश की महिलाओं एंव आम जन के मन में भय का माहोल बन गया है अंत में श्री जैन ने मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मांग की है की प्रदेश में कानून व्यवस्था बहुत ही बेहाल है मोहन सरकार को जल्द से जल्द बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

# गायत्री शक्तिपीठ पर तहसील स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला टोली के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार के तहसील स्तरीय संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रविवार को गायत्री शक्तिपीठ पिपलियामंडी पर सम्पन्न हुआ। जिला प्रशिक्षण टोली के प्रतिनिधि नरेश त्रिवेदी, राधेश्यामजी शर्मा ने संगठन के महत्व, परिजनों के दायित्व, तहसील एवं जिला समन्वय समिति के कार्य, माताजी जन्मशताब्दी में परिजनों के कर्तव्य, मंडलों का संचालन, रिकार्डिंग एवं रिपोर्टिंग के साथ ही क्षेत्र में शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से निर्धारित गतिविधियों के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में गायत्री परिवार तहसील मल्हारगढ़ के 50 कार्यकर्ताओं ने भागीदारी करते हुए माता भगवतीदेवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के प्रयाज क्रम में अपने क्षेत्र में गायत्री परिवार की गतिविधियों के प्रभावी संचालन के क्रम में लक्ष्यों के निर्धारण, समयदानियों के नियोजन, घर-घर देवस्थापना, पंच कुण्डीय, नो कुण्डीय एवं 24 कुण्डीय यज्ञ संचालन, क्षेत्रीय अनुकूलता अनुसार शत सूत्री योजना के कार्यों के नियोजन, टोलियों के गठन, पत्रिकाओं के पाठक सम्मेलन सहित संगठनात्मक अनुशासन में गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# संस्था बीआर फाउण्डेशन ने मनाया स्थापना दिवस

## सम्मान समारोह, पाठ्य सामग्री वितरण एवं पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**मनासा/नीमच, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की सामाजिक संस्था बी.आर. फाउण्डेशन ने आज नीमच जिले के मनासा में होटल संजीवनी में अपना 5वां स्थापना दिवस मनाया।। संस्था की स्थापना 8 सितंबर 2019 को हुई थी।। संस्था निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार,पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत हैं।। आज संस्था के 5 वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम महापुरुषों की तस्वीर पर मुख्य अतिथियों द्वारा माल्याअर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।। जिनमें संस्था में शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण सराहनीय कार्य करने वाले पदाधिकारी का सम्मान किया गया।। तत्पश्चात गरीब असहाय जरूरतमंद बच्चों को झूंगी बस्ती मनासा में पढ़ने लिखने के लिए 21 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण की। एवं पीजी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण के लिए 21 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।। वहीं संस्था के आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारीयों का स्नेह भोज हुआ। इस अवसर पर संस्था के सरक्षक एडवोकेट भेरू प्रसाद परमार, संस्थापक कृष्ण परिहार, प्रदेश सचीव दीपक राठौड़,प्रदेश महासचिव बलवंत तंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील जाड़ोलिया,निमच जिला अध्यक्ष समीर मंसूरी, मंदसौर जिला अध्यक्ष कमलेश भमरोटा, प्रतापगढ जिला अध्यक्ष जीवन सोलंकी,तह अध्यक्ष विशाल तोसावत, नितिन धावरी, जिला उपाध्यक्ष फरजाना मंसूरी, महासचिव आयुशी अरोड़ा आदि बड़ी संख्या में मनासा टीम इकाई रामपुर टीम इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी तहसील मीडिया प्रभारी हेमंत चौहान द्वारा दी गई।

***** सफलता की कहानी *****

# राजस्व महाअभियान में समस्याओं का समाधान होने से किसानों को मिली प्रसन्नता

**नीमच, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा संचालित किए गए राजस्व महा अभियान ने नीमच जिले के सैकड़ो लोगों को प्रसन्नता दी है। परेशान लोगों के चेहरे पर खुशी लौटी है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग द्वारा नीमच जिले में अभियान के तहत कुल 2.34 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निपटारा किया गया है। परेशान लोगों के चेहरे पर खुशियां लौट आई है । अभियान के पूर्व जिनके राजस्व संबधी कार्य लम्बित चले आ रहे थे,इस अभियान में उनके काम आसानी से हो गए है।

राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत जिले में 2 लाख 34 हजार 797 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है।



राजस्व महाअभियान के माध्यम से नामांतरण के 786 में से सभी 786 प्रकरणों का, बंटवारा के 149 प्रकरणों में से सभी 149 प्रकरणों का, अभिलेख दुरूस्तगी के 57 प्रकरणों में से सभी 57 प्रकरणों आर.सी.एम.एस. में दर्ज नवीन 3199 में से सभी में 3199 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। साथ ही नक्शा तरमीम के 41349 प्रकरणों का, समग्र ई-केवायसी के 189257 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। नीमच जिले के के ग्राम जवासा के किसान श्री मुकेश की राजस्व महाअभियान में खसरा ई केवाईसी हो गई। नीमच निवासी संतोष कुमार भी अपनी खरीदी हुई भूमि के नामांतरण के लिए परेशान थे, लेकिन अभियान ने खुशी दे दी, उनकी भूमि का नामांतरण हो गया है । ग्राम अमावलीमहल के रतन लाल का भी खसरा ई केवाइसी एवं नक्शा तरमीम हो चुका है। नीमच निवासी सुरेन्द्र कुमार ने प्लाट खरीदा था, नामांतरण के बारे में सोचा था कि बहुत परेशानी होगी परंतु इस अभियान में आसानी से नामांतरण हो गया। इस प्रकार के अनेकों उदाहरण है जिनकी परेशानी को राजस्व अभियान ने हल कर दिया है। वे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते है।

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट
जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

## ** जाहिर सूचना **

बनाम :- सर्व साधारण

**इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता हैं कि मेरे व्यवहारी ने श्री सुरजमल पिता खेमचंद जी जाति यादव, निवासी ग्राम सुवाखेड़ा, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 18, ग्राम सुवाखेड़ा, तहसील जावद में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1036/1 रकबा 0.303 हें. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में - सर्वे क्रमांक 1036/8 की भूमि, दक्षिण में - सर्वे क्रमांक 1036/8 की भूमि, पूर्व में - सर्वे क्रमांक 1036/2 की भूमि, पश्चिम् में - सर्वे क्रमांक 1036/8 की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया हैं। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा। जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के सात दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती हैं तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।**

दिनांक:- 09.09.2024

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट
जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

## ** जाहिर सूचना **

बनाम :- सर्व साधारण

**इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता हैं कि मेरे व्यवहारी ने श्री जगदीशचंद पिता खेमचंद जी जाति यादव, निवासी ग्राम सुवाखेड़ा, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 18, ग्राम सुवाखेड़ा, तहसील जावद में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1036/4 रकबा 0.323 हें. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में - अल्ट्राटेक सीमेंट की भूमि, दक्षिण में - अल्ट्राटेक सीमेंट की भूमि, पूर्व में - अल्ट्राटेक सीमेंट की भूमि, पश्चिम में - सर्वे क्रमांक 1036/8 की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया हैं। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के सात दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती हैं तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।**

दिनांक:- 09.09.2024

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

दिनांक 09 सितम्बर 2024
**अपनी कुण्डली स्वयं देखे-**
**ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**
पितृ दोष होने के कारण...
* पितरों का विधिवत् संस्कार, श्राद्ध न होना। * पितरों की विस्मृति या अपमान। * धर्म विरुद्ध आचरण। * फलदार वृक्षों को काटना। * घर में नित्य देवी देवताओं का पूजा पाठ न होना

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट
जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

## ** जाहिर सूचना **

बनाम :- सर्व साधारण

इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता हैं कि मेरे व्यवहारी ने श्री प्रदीप, संतोष पिता बिहारीलाल जी, लीलाबाई पति बिहारीलाल जी, विद्याबाई पति कैलाश जी, सोनु, ज्योति पिता कैलाश जी, कौशल्याबाई पति बलवंत जी, मूलचन्द, चुन्नीलाल, प्रेमचन्द, कृष्णा, ममता पिता बलवंत जी, छोटेलाल पिता मोहनलाल जी जाति यादव, निवासीयान ग्राम सुवाखेड़ा, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 18, ग्राम सुवाखेड़ा, तहसील जावद में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1041/1 रकबा 1.317 हें. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में - सर्वे क्रमांक 1041 की शेष भूमि, दक्षिण में - सर्वे क्रमांक 1042 की भूमि, पूर्व में - सर्वे क्रमांक 1039, 1040 की भूमि, पश्चिम में - रास्ता स्थित हैं को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया हैं। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का प

ंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मे रे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को को ई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के सात दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती हैं तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

# रतलाम में तोड़फोड़ व पत्थरबाजी के तीन आरोपी गिरफ्तार, जुलूस पर पत्थर फेंकते नहीं दिखा फुटेज



**इंद्र बने गणेश जी-** इंद्र के वाहन एरावत पर विराजित गणपति जी ऐसे लग रहे है कि जैसे वे स्वयं इंद्र का रूप धारण किए हो। यह दृश्य बाबा ग्रूप शुक्ला चौक के पांडाल का है।

**रतलाम, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के हाथीखाना रोड मोचीपुरा चौराहे पर हुई घटना में घरों के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की गई। पथराव व डंडों से कई वाहनों को क्षतिग्रस्त दिया गया। आरोपितों द्वारा फेंके गए पत्थर से क्षेत्र में स्थित एक मकान का वेलिवेशन तथा पुलिस के एक वाहन के भी कांच टूटा है।**

घटना को लेकर तनाव की स्थित बन गई थी। पुलिस ने तत्काल कड़ी कार्रवाई करते हुए स्थिति को कुछ ही देर में नियंत्रित कर लिया। मामले में पुलिस ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आरोपित जलज सांखला सहित 13 नामजद आरोपितों के साथ करीब 150 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है। आरोपित लखन रजवानिया, काजल किन्नर व महेंद्र सोलंकी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

**जुलूस पर पत्थर फेंकने का आरोप–** शनिवार रात करीब 8.45 बजे लखन रजवानिया, काजल किन्नर व अन्य लोग गणेशजी की प्रतिमा का जुलूस लेकर हाथीखाना होकर जा रहे थे, तभी मोचीपुरी चौराहे केसमीप जुलूस पर किसी के द्वारा पत्थर फेंकने का आरोप लगाया गया। पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा सीसीटीवी कैमरे चेक किए। कुछ समय बाद लखन, काजल किन्नर आदि रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंचे। इसी बीच रात करीब 10 बजे बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता थाने पहुंचे तथा एफआइआर की मांग को लेकर घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। सीएसपी अभिनवकुमार बारंगे, टीआइ दिनेश भोजक उनके पास पहुंचे तथा प्रकरण दर्ज कराने के लिए कहा।

**हंगामे को किया नियंत्रित–** एसपी राहुल कुमार लोढा व एएसपी राकेश खाखा भी वहां पहुंचे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तीतर-बितर किया। यदि समय पर पुलिस सख्ती नहीं करती तो स्थित बिगड़ सकती थी। उधर, कुछ लोग पुन: दो बत्ती क्षेत्र में एकत्र हो गए थे। पुलिस अधिकारी उधर भी पहुंचे तथा एएसपी ने आंसू गैस का गोला छोड़ा तो लोग वहां से चले गए।

**फिजा बिगाड़ने वालों पर सख्ती–** एसपी राहुल कुमार लोढा ने बताया कि जुलूस के दौरान पत्थर फेंकने की जो बात बताई थी, उस पर पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे चेक किए। अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद कुछ आसामाजिक तत्व भीड़ को बरगला कर घटनास्थल की तरफ ले गए तथा रास्ते में वाहनों में तोड़फोड़ व पत्थरबाजी की गई। मामले में 13 नामजद आरोपितों सहित करीब 150 लोगों पर प्रकरण दर्ज कर लखन, काजल किन्नल व महेंद्र सोलंकी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। काजल किन्नर का बेडग्राउंड यह है कि उसके द्वारा टोल नाके पर अवैध वसूली के लिए लोगों को प्रताड़ित कर मारपीट की गई थी। उसके वीडियो भी सामने आए थे।

**आरोपितों पर पहले से भी कई केस–** सख्त कार्रवाई कर काजल व उसके साथियों को जेल भेजा गया था। लखन के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज है, वह अवैध शराब में भी पकड़ा गया था। इंटरनेट मीडिया पर गलत चीजे पोस्ट कर न्यूसेंस कर रहे है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। फिजा बिगाड़ने वालों को बख्सा नहीं जाएगा।

**पत्थर फेंकनी की जगह अलग-अलग बताई–** जहां तक जुलूस पर पत्थर फेंकने का मामला है तो फरियादी लखन ने तीन बार अलग-अलग घटनास्थल बताया है। तीनों घटनास्थल देखे है तथा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे



चेक किए है। कहीं भी पत्थर फेकने वाला नहीं दिखा है। क्षेत्र के हर कैमरे को बारिकी से चेक किया जा रहा है तथा यह पता लगाया जा रहा कि घटना क्या है। इसमें जो भी होगा उस पर भी सख्त कार्रवाई करेंगे। न्यूसेंस जानबूझकर किया गया है, जांच की जा रही है।

**घर में तोड़-फोड़–** फरियादी शकील खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रात करीब सवा 11 बजे हम लोग घर में बैठे थे। तबी भीड़ का शोर सुनकर बाहर आकर देखा तो कुछ लोग हाथों में पत्थर, डंडे, लाठी लेकर प्रदर्शन करते हुए नारे लगाते हुए आए। कुछ लोगों वाहनों में तोड़फोड़ करने तथा लोगों को घर से बाहर निकालकर मारने का इशारा कर रहे थे। इसी बीच वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ आरोपित पत्थर फेंकने लगे। उनके घर के सामने खड़े मैजिक वाहन, जैनब बी के लोडिंग आटो, जितेंद्र, इलयास व शेख इमरान की बाइक, इरफान के घर के एलिवेशन के कांच लाठी, डंडे व पत्थर मारकर तोड़ दिए। मना करने पर गाली-गलोच कर लाठी-डंडे लहराने लगे।

**इन पर केस दर्ज–** पुलिस ने भीड़ को तीतर-बितर किया। कुछ लोगों को चोटे भी आई हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित लखन रजवानिया, काजल किन्नर, रवि शर्मा, महेंद्र सोलंकी, जलज साखला, रवि सेन, विजय प्रजापत, नितेश, मुकेश बंजारा, मथन मुसले, अमन जैन, जयदीप गुर्जर व अज्जू सहित अन्य आरोपितों पर बीएनएस की धारा 189 (1), 189 (2), 190, 191 (1), 191 (3), 57, 324 (5), 296 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## ताशपत्ती से जुआ खेलते 7 धराए

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने दो मामलों में ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए पुलिस ने 7 को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने रुपनी गांव के में एक निर्माणाधीन मकान के पास ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए विशनिया निवासी विनोद पिता रामेश्वर, रुपनी निवासी परशराम पिता भेरुलाल व कोटडा बहादूर निवासी विजय पिता अखिलेश को पकड़ा। इसी तरह अन्य मामले में जुआ खेलते रुपनी निवासी अरविन्द पिता मांगीलाल, क्यामपुर निवासी दिनेश पिता रामगोपाल, राकेश पिता विश्वराज व तूफान पिता पीरु को पकड़ा।

## रास्ते के विवाद में पीटा

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत के रास्ते के विवाद में पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पलेवना निवासी विनोदसिंह ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रास्ते के विवाद में खेत के रास्ते के विवाद में पड़ोसी बलवंतसिंह ने गाली-गलौज की व मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे बेटे कृष्णपालसिंह के साथ भी मारपीट की व पत्थर से मारा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस के अवसर पर गिद्ध संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए वन विभाग गांधीसागर के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीसागर नंबर 08 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उज्जैन से आये गिद्ध विशेषज्ञ डॉ.विकास यादव द्वारा स्कूली बच्चों को गिद्धों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान, पर्यावरण में उनके महत्व तथा उनकी कम होती आबादी के कारणों के बारे में अवगत कराया। गांधीसागर अभयारण्य एवं चंबल नदी की किनारे गिद्धों के प्राकृतिक आवास स्थल है तथा यहाँ पर कुल 07 प्रजाति के गिद्ध पाये जाते है। जिनमें से 04 प्रजाति के स्थानीय एवं 03 प्रजाति के गिद्ध प्रवासी होकर ठंड के समय गांधीसागर में आते है। गिद्धों को प्रकृति के सफ़ाईकर्मी के रूप में जाना जाता है क्योंकि ये केवल मरे हुए पशुओं/वन्यप्रणियों से ही अपना भोजन ग्रहण कर शव को सड़ने से पहले ही साफ़ कर देते है। बैक्टेरिया एवं वायरस से फैलने वाली बीमारियों को रोकते है। वर्ष 2024 में दो चरणों में गिद्ध गणना के अनुसार गांधीसागर में कुल 800-850 के मध्य गिद्धों की संख्या है।

## श्रीमती बोराना का निधन

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे स्टेशन बालाजी मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिनंदन बोराना की धर्मपत्नी श्रीमती राजाबाई बोराना का 80 वर्ष की आयु में बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के पीछे स्थित निवास से निकली अंतिमयात्रा में समाजजन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पिपलियापंथ मुक्तिधाम पर पुत्र मनोहर व दशरथ ने मुखाग्नि दी।

### भारत की बड़ी सफलता, बीजिंग से लेकर लाहौर तक निशाने पर...

# अग्नि-4 का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली, 8 सितम्बर।** अग्नि मिसाइल परिवार में एक और सदस्य सफलतापूर्वक शामिल हो गया है। शुक्रवार को अग्नि-4 मिसाइल की सफलतापूर्वक लांचिंग की गई। यह मध्यम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल है। ओडिशा के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज में इसे लांच किया गया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत ने अग्नि-4 मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। ओडिशा के चांदीपुर स्थित ITR से यह टेस्टिंग टेक्निकली और ऑपरेशनली सभी मानकों पर खरा उतरा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह टेस्टिंग Strategic Forces Command (SFC) की देखरेख में हुई। इससे देश की सुरक्षा प्रणाली और मजबूत हुई है। इससे देश की सामरिक क्षमताओं में और भी बढ़ोतरी हुई है। बीते 4 अप्रैल को भी भारत ने अग्नि-प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल का सफल फ्लाइट टेस्टिंग की थी।

**क्या है अग्नि मिसाइल?–** अग्नि मिसाइल एक लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली परमाणु हथियार कैरी कर सकने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे भारत में विकसित किया गया है।

**अग्नि-4 मिसाइल के बारे में जानिए–** ✻ अग्नि-4 मिसाइल, मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (Intermediate-Range Ballistic Missile - IRBM) है। ✻ यह मिसाइल लगभग 3,500 से 4,000 किलोमीटर की दूरी तक हमला करने में सक्षम है। ✻ अग्नि-4 मिसाइल का वजन लगभग 17,000 किलोग्राम (17 टन) है। ✻ अग्नि परिवार की इस मिसाइल की लंबाई करीब 20 मीटर (65I6 फीट) है। इसका व्यास 1 मीटर है। ✻ अग्नि-4 मिसाइल की वॉरहेड क्षमता करीब 1000 किलोग्राम है। यानी यह इतने किलो तक का न्यूक्लियर वेपन या कोई भी अन्य हथियार ले जाने में सक्षम है। ✻ यह मिसाइल टू स्टेज के सॉलिड फ्यूल रॉकेट इंजन से लैस है। ✻ मैप या डायरेक्शनल गाइडेंस के लिए यह एडवांस रिंग लेजर गायरोस्कोप और माइक्रो इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम (एमआईएनजीएस) से लैस है ताकि 100 परसेंट एक्यूरेसी से टारगेट को खत्म कर सके। इसका सर्कुलर एरर प्रॉबबल (सीईपी) 100 मीटर से भी कम है। इस वजह से यह काफी सटीकता के साथ टारगेट पर वार कर सकता है। अग्नि-4 मिसाइल को रेल और सड़क मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है।

## लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित होगी 19 करोड़ 51 लाख रुपए की राशि

**नीमच, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बीना सेआज 9 सितंबर को लाडली बहना योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रूपये की राशि सितंबर माह की किस्त के रूप में करेंगे अंतरित।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के भी खाते में आयेंगे 332.43 करोड़ रूपये–** नीमच जिले की एक लाख60हजार828 बहनों के खाते में अंतरित करेंगे 19 करोड़ 51 लाख रुपए की राशि।सितंबर माह की किस्त के रूप में मिलेंगी बहनों को खाते में राशि। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बीना से सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे राशि अंतरित। यह जानकारी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नीमच श्रीटी सी मेहरा ने दी। बीना से मुख्यमंत्री .डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम का विभिन्न संचार माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रदेश के जिला विकासखंड मुख्यालयो पर भी सीधा प्रसारण किया जावेगा।

# टीबी मुक्त मप्र को लेकर जागरूकता कार्यशाला संपन्न



**मंदसौर, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में छात्रों को जिला चिकित्सालय से डॉक्टर आर के द्विवेदी एवं उनके सहयोगियों के माध्यम से सभी छात्राओं को टी बी ( क्षय रोग) के बारे में जानकारी दी गई । मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी जो गाव गांव से जुड़े हुए हैं और प्रयोगशाला के रूप में वह गांव और शहर के वार्ड में समाज के बीच में कार्य कर हैं । डॉक्टर आर के द्विवेदी ने टी बी ( क्षय रोग) के बारे में बताया की लोगों को टी बी की बीमारी हो सकती है और टी बी की बीमारी से डरने की आवश्यकता नहीं है हमें सावधानी रखने की आवश्यकता है और सही समय पर हम जांच करवाएं जिससे हम खुद भी टी बी की बीमारी से मुक्त हो सकते हैं । स्वस्थ हो सकते हैं और दूसरों को भी टी बी रोग होने से बचा जा सकता हैं । डॉक्टर आरके द्विवेदी जी ने कहा कि हर व्यक्ति या संस्था एक टीबी के मरीज को छ: माह के लिए गोद लेकर उसको न्यूट्रिशन बास्केट दे कर उनकी देख भाल कर सकते है । साथ ही वह संस्थान जो इस तरह के कार्य मे रुचि लेता हो वह भी आगे आये जिससे ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीज तक न्यूट्रीशियन बास्केट पहुँच पाये। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, परामर्शदाता रघुवीर सिंह राठौड़ ,रूप देव सिंह सिसोदिया, अनिल सुमन, सृष्टिशर्मा, दशरथ नायक एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन रूपदेव सिंह सिसौदिया ने किया । आभार छात्र बंसीलाल राठौर ने माना।

## छह माह पूर्व किया था मैसेज, युवक को जमकर पीटा, सरपंच पति सहित 5 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** युवती को छह माह पूर्व मेसेज भेजने का आरोप लगाकर युवक के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने सरपंच पति सहित 5 के खिलाफ केस दर्ज किया। नाहरगढ निवासी शेलेन्द्र पिता मनोज तेली ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी नाहरगढ बस स्टेण्ड पर एमपी आनलाइन की की दुकान है। छह माह पूर्व गलती से एक युवती के नम्बर पर हाय का मेसेज हो गया था। इसकी मैंने माफी भी मांग ली थी। इसी रंजिश के चलते छह माह बाद बीती रात्रि खजूरी रोड़ पर स्थित होटल पर खाना खाने के बाद बाहर आया तो वहां संजीत के सरपंच पति पदमसिंह पिता रुपसिंह, नेपालसिंह पिता रतनसिंह, काचरिया कदमाला निवासी तूफानसिंह पिता हरिसिंह, खानूखेड़ा निवासी उदयसिंह पिता भारतसिंह मिले। पांचों ने गाली-गलौज की व लात-घुसों व लकडियों से बेरहमी से पीटा। जिससे नाक, चेहरे, गर्दन, पीठ हाथ आदि जगह चोंटे आई। पुलिस ने सरपंच पति सहित पांच लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।



## व्यास अध्यक्ष, श्रीमती तिवारी उपाध्यक्ष चुनी गई

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** गुर्जरगौड ब्राह्मण समाज मंदसौर द्वारा संचालित श्री महर्षि गौतम साख सहकारी संस्था मन्दसौर के संचालक मण्डल एवं कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए, जिसमे अध्यक्ष श्री जीके व्यास, उपाध्यक्ष श्री राकेश शर्मा एवं श्रीमती सीमा तिवारी चुने गए। निर्वाचन मे बैंक प्रतिनिधी श्री गोपाल पंचारिया, सहकारी संघ प्रतिनिधी श्री रमाकान्त भट्ट चुने गए। संचालक मण्डल मे श्री रूपनारायण जोशी, श्री रमेशचंद्र शर्मा, श्री भेरूलाल शर्मा, श्री अनिल शर्मा, श्रीमति ज्योत्सना शर्मा, श्री नरेन्द्र व्यास चुने गए। सम्पूर्ण प्रक्रिया जिला पंजीयक सहकारिता श्री टीआर गुंदरावत की उपस्थिति मे सम्पन्न हुई।

## तनाव मुक्त समाज के सृजन में आर्ट ऑफ़ लिविंग का एक और क़दम

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** मानवतावादी एवं आध्यात्मिक संत परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी ने तनाव रहित एवं हिंसा रहित विश्व के संकल्प के साथ पूरे विश्व में अभियान चलाया जा रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार विश्व में 40: से ज्यादा व्यक्ति तनाव अवसाद एवं अनिद्रा जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं. पूरे विश्व में आज की ज्वलंत समस्या के रूप में उभर रही है. जिसमें व्यक्ति अपनी क्षमता / योग्यता का पूरा उपयोग नहीं कर पाता है .साथ ही अपने परिवार एवं मित्रों के लिए भी समस्याएं खड़ी कर देता है .गुरुदेव ने इसके त्वरित एवं पूर्ण निदान के लिए एक प्रभावी तकनीक के वर्कशॉप के जरिये पूरे विश्व के लिए तैयार किया है . इसके अभ्यास से तनाव ,अनिद्रा, अवसाद एवं इनसे जुड़ी समस्याओं को हल करने में मदद मिलती है . मध्य प्रदेश में भी आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक श्री खुमान सिंह चुंडावत को परम पूज्य गुरुदेव एजांईटी एंड स्लीपिंग डिसआडर वर्कशॉप के लिए आशीर्वाद दिया है एवं अधिकृत किया है, ताकि वे उन हजारों लाखों लोगों को इस समस्या से मुक्त होने में सहायता करेंगे.। श्री चुंडावत की इस उपलब्धि पर श्री शैलेंद्र माथुर, सुमेर सिंह देवडा, सुरेंद्र संघवी, दिलीप परमार, नरेंद्र धनोतिया, आशीष राठौर, दिनेश व्यास,धीरेन्द्र कदम , वरुण रावत, आशीष सेठिया, सुशील तिवारी आदि शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



### सांवरा सेठ के भक्तों ने फिर तोड़ा रेकॉर्ड....

## दानराशि पहुंची 19.45 करोड़, 95 किलो चांदी भी मिली



**चित्तौड़गढ़, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** प्रख्यात कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी मंदिर में सांवरा सेठ के भक्त नित नए रेकॉर्ड बना रहे हैं। भगवान के भंडार की गणना का पांचवां चरण पूरा हुआ। इसी के साथ सांवरा सेठ के भंडार में मिली दानराशि का अब तक का रेकॉर्ड टूट गया है। प्रख्यात कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी मंदिर में सांवरा सेठ के भक्त नित नए रेकॉर्ड बना रहे हैं। भगवान के भंडार की गणना का पांचवां चरण पूरा हुआ। इसी के साथ सांवरा सेठ के भंडार में मिली दानराशि का अब तक का रेकॉर्ड टूट गया है।

पांचवें दौर की गणना के बाद कुल 19 करोड़ 45 लाख 43 हजार 400 रुपए प्राप्त हुए हैं। बता दें, यह अपने आप में दानराशि का नया रेकॉर्ड है। अभी सिक्कों की गणना शेष है। इससे पूर्व जुलाई माह में 19.07 करोड़ रुपए का भंडार गिना गया था। इस बार भंडार से पांच चरण में 15 करोड़ 92 लाख 88 हजार 400 रुपए गिने गए। इसके साथ ही भेंट कक्ष एवं ऑनलाइन से 03 करोड़ 52 लाख 55 हजार रुपए प्राप्त हुए। इस प्रकार अब तक कुल 19 करोड़ 45 लाख 43 हजार 400 रुपए की गणना की गई है। वहीं, भंडार से 197 ग्राम व भेंट कक्ष से 123 ग्राम 240 मिलीग्राम कुल 320 ग्राम 240 मिलीग्राम सोना प्राप्त हुआ है। वहीं, भंडार से 28 किलो 180 ग्राम व भेंट कक्ष से 67 किलो 509 ग्राम 500 मिलीग्राम कुल 95 किलो 689 ग्राम चांदी प्राप्त हुई है। भंडार में अब सिक्कों की गणना की जा रही है।

## विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला 17 से 21 सितंबर तक

**मंदसौर, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला 17 सितंबर से 21 सितंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी। मल्हारगढ़ विकासखंड में 17 सितंबर को, मंदसौर विकासखंड में 18 सितंबर को, सीतामऊविकासखंड में 19 सितंबर को, गरोठ विकासखंड में 20 सितंबर एवं भानपुरा विकासखंड में 21 सितंबर को जनपद पंचायत परिसर में प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

# शामगढ़ कॉलेज में कामर्स व विज्ञान संकाय नहीं होने से छात्रों को जाना पड़ रहा है 100 किमी दूर पढ़ने

### अभाविप ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम आवेदन देकर दोनों सब्जेक्ट शुरू करने की मांग की

**शामगढ़, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शामगढ नगर इकाई ने शासकीय महाविद्यालय शामगढ़ में कॉमर्स एवं साइंस का विषय नहीं होने के कारण छात्रों की समस्याओं को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम से आवेदन उनके निज सहायक भरत व्यास को देकर समस्याओं से अवगत कराया।

छात्रों ने बताया की सुवासरा विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा नगर शामगढ़ है यहां पर कॉलेज तो है लेकिन कामर्स और विज्ञान संकाय नहीं है इसलिए बच्चों को 300 किलोमीटर दूर इंदौर या 100 किलोमीटर दूर मंदसौर पढ़ने जाना होता है। शामगढ़ नगर आसपास के 100 गावों क्षेत्र से जुड़ा हुआ है हजारों बच्चे यहां पर पढ़ने आएंगे जल्द से जल्द यहां पर साइंस और कॉमर्स का सब्जेक्ट चालू किया जाए।



व्यास जी ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द आ रही समस्या का समाधान माननीय मंत्री जी द्वारा किया जाएगा। नगर इकाई अध्यक्ष राजमल मांदलिया,नगर मंत्री अमन धनोतिया, सहमंत्री प्रतीक गुप्ता, महाविद्यालय प्रमुख चयन मुजावदिया, सौरभ द्विवेदी, उपाध्यक्ष शिवम जोशी, एसएफ़डी प्रमुख विजय काला,यश पोरवाल, अनिल चौधरी, हिमांशु दुआ, अनुभव सेठिया, केशव नरभेपुरिया एवं समस्त छात्र शक्ति उपस्थित रहे।

### स्क्रब टाइफस का नया...

पेज 1 से जारी

है कि बीमारी का दिसंबर तक असर दिख सकता है।

**यह है लक्षण–** इस बीमारी में मरीज को सांस लेने में परेशानी, उल्टी, जी मचलाना, जोड़ों में दर्द, कंपकंपी के साथ बुखार होता है। अधिक संक्रमण में गर्दन, बाजुओं के नीचे, कुल्हों के उप्रर गिल्टियां हो जाती हैं। इसके साथ शरीर के जिस हिस्से पर कीड़े ने काटा होता है, वहां पर लाल रंग का एक निशान पड़ जाता है।

## जिला स्तरीय मास्टर योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशीप में पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा को गोल्ड मेडल



**मंदसौर, 08 सितंबर गुरू एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला समिति मंदसौर द्वारा शासकीय मांगलिक भवन (वेद योगा सेंटर) प्रगति चौराहा दलौदा में मास्टर डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशीप 2024 आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने गोल्ड मेडल हासिल किया।**

8 सितम्बर रविवार को शासकीय मांगलिक भवन (वेद योगा सेंटर) प्रगति चौराहा दलौदा में मास्टर डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशीप 2024 आयोजित की गई। प्रतियोगिता 28 से लेकर 55 वर्ष आयु के खिलाडियों के लिए आयोजित थी। मास्टर सी 45 से 55 वर्ष आयु वर्ग में पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया। अब पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा आगामी 14 एवं 15 सितम्बर को मुरैना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय चैम्पियनशीप में भाग लेंगे।

## अब तक औसत 924.3 मिमी वर्षा दर्ज

**नीमच, 08 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक 924.3मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। इनमें नीमच 759 मि.मी., जावद में 1112 मि.मी.एवं मनासा में 902 मिमी ,वर्षा रिकार्ड की गई है। गत वर्ष इस अवधि में जिले में औसत 555.3मि.मी. वर्षा दर्ज हुई थी।गत वर्ष नीमच में 555 मि.मी. जावद में 632.4 मि.मी. एवं मनासा में 479 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 8 सितम्ब र 2024 को प्रात: 8 बजे तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24घंटों में जिले में औसत 11 मि.मी. वर्षा हुई है। इसमें नीमच में 2 मि.मी.,जावद में 16 मि.मी. एवं मनासा में 15 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in